डॉ. एन. विनोदकुमार, आईपीओएस
अध्यक्ष

Dr. N. VINODKUMAR, IPoS
CHAIRPERSON

आईएसओ 9001-2015,
आईएसओ 14001-2015 तथा
आईएसपीएस अनुपालक पत्तन

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, द. गोवा
मुरगांव पत्तन प्राधिकरण
(पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
प्रशासनिक कार्यालय, हेडलैण्ड सडा, गोवा - 403 804.
TOWN OFFICIAL LANGUAGE IMPLEMENTATION COMMITTEE, S. GOA
MORMUGAO PORT AUTHORITY
(Ministry of Ports, Shipping & Waterways, Govt. of India)
ADMINISTRATIVE OFFICE, HEADLAND SADA, GOA - 403 804.

संदेश

प्रिय साथियों,

हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर मैं नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, द.गोवा के सभी सदस्य कार्यालयों में कार्यरत सभी साथियों को शुभकामनाएं देता हूं।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, केंद्र सरकार के कार्यालयों, राष्ट्रीयकृत बैंकों व उपक्रमों के सदस्य कार्यालयों का ऐसा मंच है, जिसके माध्यम से नगर में राजभाषा संबंधी विभिन्न गतिविधियों/ कार्यक्रमों/ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इसके लिए सभी सदस्य कार्यालय बधाई के पात्र है, क्योंकि उनके सहयोग से ही समिति की राजभाषा प्रचार-प्रसार एवं कार्यान्वयन की सभी गतिविधियां सुचारू रूप से संपन्न हो रही है।

राजभाषा हिंदी देश का गौरव है। इसके प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी हम सभी की है। आप सभी के सम्मिलित प्रयासों से ही नराकास, द.गोवा अपने दायित्व के निर्वहन में सफल हो पाएगी।

हिंदी दिवस के इस पावन अवसर पर मैं आप सभी से अपील करता हूं कि केंद्र सरकार के कार्यालयों में अधिकाधिक हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा विकसित अनेक सुविधाओं के प्रति जागरूक बनें और कार्यालयीन कामकाज में हिंदी का प्रयोग स्वप्रेरणा से कर अपने सरकारी और गैर- सरकारी कामकाज में व्यवहारिक व प्रचलित सरल हिंदी का ज़्यादा से ज़्यादा प्रयोग बढ़ाएं।

मुझे पूरा विश्वास है कि यह नराकास अपने सदस्य कार्यालयों के सहयोग एवं एकत्रित प्रयासों से अपने उद्देश्य की पूर्ति करने में सफल होगी ।

जय हिंद, जय हिंदी ।

विनोदकुमार

(डॉ. एन. विनोदकुमार, आईपीओएस)

दिनांक :- 14 सितंबर, 2023